भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2936
जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है
देशगांव से बड़वानी तक सड़क को चार लेन का बनाया जाना

2936. श्री गजेन्द्र सिंह पटेल:
क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार द्वारा खरगोन-बड़वानी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत देशगांव से बड़वानी तक सड़क को चार लेन का बनाए जाने के संबंध में कोई घोषणा की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त घोषणा के संबंध में कोई कार्रवाई की जा रही है; और
(ग) यदि हां, तो उक्त सड़क का कार्य कब तक आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) संख्या 347बी के देशगांव से जुलवानिया खंड को राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुसार चार लेन का बनाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। सरकार द्वारा परियोजना पर निर्णय डीपीआर के परिणाम और परस्पर प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग-347बी का जुलवानिया से ठीकरी खंड राष्ट्रीय राजमार्ग-52 के साथ ओवरलैप है और इसे पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुसार चार लेन का बनाया जा चुका है, जबकि रारा-347बी के ठीकरी से अंजड़ खंड को वर्तमान यातायात आवश्यकताओं के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों के अनुसार पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन का बनाने का कार्य कार्यान्वयन के अधीन है।

रारा-347बी के अजनाद-बड़वानी खंड के संबंध में, वर्तमान यातायात आवश्यकता के आधार पर पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन बनाने के लिए डीपीआर को अंतिम रूप दे दिया गया है और सरकार द्वारा पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की समग्र उपलब्धता के आधार पर कार्य को मंजूरी दी जाएगी।

******